BHDF-101/एफ.एच.डी.–01

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
(जुलाई, 2025 एवं जनवरी, 2026 सत्रों के लिए)

पाठ्यक्रम कोड : एफ.एच.डी.–01
हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम –01

मानविकी विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली 110068

हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम–01
सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एफ.एच.डी.–02

प्रिय छात्र/छात्राओ!

इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता है। i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक (100 का अधिभारित) निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

'हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम–01' में आपको एक सत्रीय कार्य करना है। यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किये गये हैं। यह पाठ्यक्रम कुल चार क्रेडिट का है।

उद्‌देश्य : सत्रीय कार्य का मुख्य उद्‌देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप स्वयं उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ आपने सीखा और समझा है उसे आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि :

जुलाई 2025 सत्र के लिए : 30 अप्रैल 2026

जनवरी 2026 सत्र के लिए : 31 अक्तूबर, 2026

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

इस सत्रीय कार्य में आपसे मुख्य रूप से तीन तरह के प्रश्न पूछे गए हैं। लंबे निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 800 शब्दों में लिखने हैं तथा लघु निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर 500 शब्दों में देने हैं। इसके अलावा तीसरी श्रेणी के प्रश्न हैं जिनमें दिए गए शीर्षक पर 300 शब्दों में टिप्पणी लिखनी है।

1. **अध्ययन :** सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में सभी खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से पुनर्व्यवस्थित कीजिए।

2. **अभ्यास :** अपने उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार का विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्ध और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,
ख) वाक्यों और अनुच्छेदों (Paragraphs) के बीच स्पष्ट क्रमबद्धता हो,

ग) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा जो आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो।

घ) उत्तर प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और

ङ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. **प्रस्तुति :** जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसको साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप ज़ोर देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं सहित!

नोट : याद रखें कि विश्वविद्यालय के नए नियमानुसार परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हिंदी में आधार पाठ्यक्रम
सत्रीय कार्य
(पाठयक्रम के सभी खंडों पर आधारित)

पाठ्यक्रम कोड : एफ.एच.डी.–01
सत्रीय कार्य कोड : एफ.एच.डी.–02/टी.एम.ए./2025–26
कुल अंक : 100
अधिभारितः 30%
पूर्णांक : 100

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिएः **10**

(क) अंगूठा दिखाना
(ख) घी के दिए जलाना
(ग) चिकना घड़ा
(घ) लोहे के चने चबाना
(ङ) आग बबूला होना

2. निम्नलिखित शब्दों के मेल से बनने वाले शब्द बनाइए।ः **5**

(क) निः + आशा
(ख) उत् + चारण
(ग) स्व + इच्छा
(घ) दुः + भाव
(ङ) सूर्य + उदय

3. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द बताइए : **5**

(क) मनुष्य
(ख) प्रकाश
(ग) स्त्री
(घ) वायु
(ङ) कमल

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द बनाइएः **5**

(क) व्यवस्था
(ख) आवश्यक
(ग) प्रवृति
(घ) पक्ष
(ङ) पूर्ण

5. निम्नलिखित शब्दों के संधि–विच्छेद कीजिएः **5**

(क) प्रताधिकार
(ख) वागीश
(ग) जगन्नाथ
(घ) उन्नयन
(ङ) प्रश्नोत्तर

6. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग बताइएः **5**

(क) स्वतंत्र
(ख) निर्धन
(ग) अनादर
(घ) अचेत
(ङ) सापेक्ष

7. **निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग बताइए:** **5**

(क) बंधुत्व
(ख) महत्ता
(ग) माधुर्य
(घ) धार्मिक
(ड़) मासिक

8. **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250–300 शब्दों में लिखिए।** **5x2=10**

(क) 'पूस की रात' कहानी के परिवेश पर प्रकाश डालिए।
(ख) 'वैष्णव की फिसलन' की अंतर्वस्तु पर अपने विचार व्यक्त कीजिए

9. **निम्नलिखित प्रद्याशों का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।** **5x2=10**

(क) निरगुन कौन देस को वासी
मधुकर कहित समुझाई सौंह दै,
बूझति साँच न हाँसी।।
को है जनक, कौन है जननी, कौन नारि, को दासी।

(ख) विस्तृत नभ का कोई कोना;
मेरा न कभी अपना होता,
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली!

10. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

(क) एकता और अनुशासन
(ख) राष्ट्रभाषा और राजभाषा
(ग) मेरा गाँव

11. **अपनी कालोनी में बिजली की समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को पत्र लिखिए ।** **10**

12. **'करत–करत अभ्यास जड़मति होत सुजान' का भाव पल्लवन कीजिए।** **10**

13. **बहुत बड़ा सवाल एकांकी के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए।** **10**

अथवा

14. **'जीने की कला' निबंध का सार लिखिए।** **10**